ATS VALLEY SCHOOL
EXPLORE LEARN LEAD

# फ़तह

## (अक्टूबर 2021)

## हिन्दी की मासिक पत्रिका

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 11 Columbus Day | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |
| 31 | | | | | | |

# मेरा प्रयोग कीजिए

ना जाने मुझे देखकर लोग क्यों मुँह बिचकाते,बुरा मैं इतना भी नहीं।

हर ओर है साम्राज्य मेरा,

मन लगाकर करता काम सही।

जब सड़क से निकलती मेरी शाही सवारी,कोई ना मेरे साथ में चलना चाहता।

अपना वाहन पीछे,तो कोई अपना वाहन तेज़ कर आगे निकल जाता।



सबको मुझसे घृणा नहीं,

कुछ लोग करते मेरा मान हैं।

खाद,बिजली,कलाकृतियाँ बनाता मेरा टूटा-खराब सामान है।

फैशन ने मेरा भी कायाकल्प कर डाला है।

भिन्न-भिन्न रंगों,आकारों व डिज़ाइनों में मुझे ढाला है।




मैं हूँ,इसलिए आप सफ़ाई में रह पाते हैं,

मक्खी-मच्छर और गंदगी से निजात पाते हैं।

हर जगह पर मैं रहता उपस्थित,

गंदगी को हरता हूँ।

**सभी मेरा प्रयोग करें** , ऐसी कामना करता हूँ।

जी मैं **कूड़ेदान** हूँ,ये मेरी आत्मकथा है।


कुछ लोग मुझे देखकर करते अनदेखा यह मेरी व्यथा है।

घर में कूड़ेदान, बाहर कूड़ेदान।

पार्क में कूड़ेदान, स्कूल में कूड़ेदान।

जो ना करे इसका प्रयोग वह सबसे बड़ा नादान।

**पृशा (2ब)**



मेरा प्रयोग कीजिए,मैं आपका मित्र हूँ,

मैं हूँ बहुत ही लाभकारी,

और थोड़ा विचित्र हूँ,

बीमारियों से ना हो आपकी मित्रता,

इसलिए मैं बना आपका मित्र हूँ।

**आश्मिन कौर(1ब)**

तभी रहती हर ओर स्वच्छता,

जब कूड़ा कूड़ेदान में रहता है।

मेरा प्रयोग कीजिए सब,

हर पल कूड़ेदान यह कहता है।

**ज़ोहैन हुसैन(3अ)**

मेरा प्रयोग कीजिए,

कूडा़ मुझे दीजिए,

मेरा ढक्कन भी बंद कीजिए।

**भवनुर कौर(1अ)**

अगर रहना है स्वस्थ तो सफाई में सहयोग कीजिये,

कूडैदान हर जगह होता है;

कहता है 'मेरा प्रयोग कीजिये'।

**वैष्णवी (6अ)**

भर दो मुझ में सारी गंदगी,

ताकि रहे आसपास सफ़ाई।

मेरा प्रयोग कीजिए,

इसमें नहीं है कोई बुराई।

**रिवान डोगरा(1अ)**

मेरा इस्तेमाल करते लोग बहुत कम,

यह दुख मुझे सताता है।

क्यों नहीं समझते यह लोग,

कूड़ेदान उन्हें बीमारियों से बचाता है।

**मिशा सैनी(4अ)**

हर बीमारी का है समाधान,


उसके प्रयोग से  स्वच्छ रहेगा हिन्दुस्तान।

वह और कोई नहीं

वह है हमारा कूड़ेदान।

**दक्ष गुलाटी(6अ)**





जब भी घर को साफ करें मेरा प्रयोग कीजिए,
शहर को साफ रखना हो तो मेरा प्रयोग कीजिए।
स्वच्छ भारत अभियान के लिए मेरा प्रयोग कीजिए।।
बाहर जब भी कुल्फी,टॉफी,चिप्स खाएं,
तो बाहर कचरा ना फेंक कर बस मेरा प्रयोग कीजिए।

**हदीद राजा(1अ)**

कूड़ा कूड़ेदान में डालें,
इससे चारों ओर सफाई रहती,
और बीमारियाँ नहीं फैलती।

**अक्षज (3 अ)**

लोगों मेरी बात ध्यान से सुनना,
मेरा इस्तेमाल करो हमेशा।
मैं बीमारियों से तुम्हें हूँ बचाता,
कूड़ा न कभी हम सड़क पर जानकार फेंके,
आदत सफाई की जरा पहचान कर देखें |
कचरा नहीं फैलाना है,
दुनिया को स्वच्छ बनाना है।

**मेहुल जैन (1अ)**

कूड़ेदान का करके सही प्रयोग,
वातावरण को स्वच्छ रखने में दो सहयोग।
कूड़ा कूड़ेदान में पाए,
बीमारियों को दूर भगाए।

**गोविंददीप (4अ)**



मैं कुछ देता संदेश जिसे भूलना मना है,
कूड़ेदान का कीजिए प्रयोग, इसीलिए वह बना है।

**कीथ हुसैन(6अ)**



केवल कूड़ेदान में फेंके कचरा,
वरना बीमारी का होगा खतरा।

**दनिका राजपूत (1अ)**